भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 256

(05 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण सड़कों का निर्माण

256. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकरः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए नांदेड़ (महाराष्ट्र) से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान नांदेड़ जिले में ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और निर्माण के लिए कितनी धनराशि दी गई और लंबित कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत 959 किलोमीटर लंबी 163 सड़कों और 25 पुलों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 780 किलोमीटर लंबाई की 135 सड़कें और 25 पुलों का निर्माण पहले ही पूर्ण हो चुका हैं। पीएमजीएसवाई-I और II के तहत स्वीकृत परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना-III के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा मार्च 2025 है।

(ग): 'ग्रामीण सड़क' राज्य सूची का विषय है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के दिशानिर्देशों के अनुसार, कार्यक्रम के तहत निर्मित सड़कों का रखरखाव राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। चूंकि पीएमजीएसवाई ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए एकबारगी सहायता कार्यक्रम है, इसलिए इसके

तहत सड़कों की मरम्मत के लिए कोई प्रावधान नहीं है। पीएमजीएसवाई के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण और उन्नयन के लिए केंद्रीय निधियाँ केवल राज्य सरकार को (जिलों को नहीं) जारी की जाती है । पिछले तीन वर्षों के दौरान सड़कों के निर्माण/उन्नयन के लिए जारी की गई राशि और किए गए व्यय का विवरण इस प्रकार है:-

(रु करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	केन्द्रीय अंश का प्रारम्भिक शेष	जारी केन्द्रीय अंश	कुल उपलब्ध केन्द्रीय अंश	व्यय (राज्य अंश सहित)
2020-21	464.12	0	464.12	145.37
2021-22	323.07	0	323.07	178.95
2022-23	253.17	689.23	942.40	773.83
2023-24 (दिनांक 29.11.2023 की स्थिति के अनुसार)	624.92	252.10	877.02	612.41

******